Title: Need to bring a legislation banning cow-slaughter in the country - laid.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र): महोदय, गोवंश हत्या के विरोध में समय समय पर काफी विरोध होता रहा है। हमारे देश में गाय की पूजा होती है। साथ ही वैज्ञानिक ने भी गौमूत्र, गौ-गोबर (गोंसय) आदि को अनेक बीमारियों के इलाज हेतु उपयुक्त माना है। फिर भी प्रतिदिन एक राज्य से दूसरे राज्यों तक ट्रकों में क्रूरतापूर्वक भर कर गायों को ले जाकर हत्या कर दी जाती है।

हमने पहले भी गोवंश हत्या निरोधक कानून बनाने की मांग सरकार से की थी, परन्तु इस पर कोइ विचार नहीं किया गया। गोवंश हत्या को रोकने के लिए पूरे देश में आंदोलन चल रहे हैं। पिछले 7 नवम्बर, 2007 को पार्लियामेंट के समीप भी गोवंश हत्या बंद करने को लेकर प्रदर्शन हुआ था। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर तुरन्त कार्यवाही करें और गोवंश हत्या निरोधक कानून बनाएं।